an>

Title: Need to register tree cutting labour in forests.

**श्री गणेश सिंह (सतना) :** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के वन मंत्री जी का एक बहुत महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। बड़ी तेज गति से सिर बोझा लकड़ी वाले मजदूरों के माध्यम से जंगलों की कटाई हो रही है। यह बात सही है कि उनका हक है, लेकिन मैं एक सुझाव देना चाहता हूं। उनका एक सर्वेक्षण कराया जाए। वे वन ग्राम में रहते हैं तो वन उपज पर उनका पूरा हक हो। …(व्यवधान) जिस तरह किसान का रजिस्ट्रेशन होता है, उसी आधार पर उपज खरीदी जाती है, उसी तरह उनका भी रजिस्ट्रेशन हो और वन उपज पर पूरी तरह उनका हक बने। उनके माध्यम से वन उपज खरीदी जाए। अभी बड़े-बड़े ठेकेदार वन उपज का फायदा उठा रहे हैं। मजदूरों को लाभ दिलाने के लिए उनका बाकायदा पंजियन हो और पूरे देश में उनका सर्वेक्षण कराने का काम किया जाए। उन्हें वैकल्पिक रोज़गार से जोड़ा जाए ताकि वनों की अवैध कटाई रोकी जा सके।

**माननीय अध्यक्ष :**

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।